समग्र शिक्षा केरल

SECOND TERM EVALUATION 2023-2024

दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन

exam WiNNER®

कक्षा 7 हिंदी **समय : 2 घंटे**

सामान्य निर्देशः

* पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
* गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
* 2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> किसी जंगल में एक छोटा शेर रहता था। एक दिन वह जंगल में भाग रहा था। उसने रोने की आवाज़ सुनी। एक नन्ही चिड़िया मदद के लिए पुकार रही थी। उसका एक पंख टूटा हुआ था। छोटा शेर उसे अपने घर ले गया।

क) छोटा शेर कहाँ रहता था?

अ) पहाड़ में आ) जंगल में
इ) गाँव में ई) खेत में

ख) छोटे शेर ने कौन-सी आवाज़ सुनी?

अ) हँसने की आवाज़ आ) चलने की आवाज़
इ) रोने की आवाज़ ई) दौड़ने की आवाज़

ग) किसने मदद के लिए पुकारा?

अ) बड़े शेर ने आ) छोटे शेर ने
इ) बड़ी चिड़िया ने ई) नन्ही चिड़िया ने

घ) नन्ही चिड़िया को क्या हुआ था?

अ) उसका पंख टूट गया था। आ) उसका पैर टूट गया था।
इ) उसकी आँख टूट गई थी। ई) उसकी चोंच टूट गई थी।

ङ) सही प्रस्ताव कौन सा है?

अ) छोटा शेर नन्ही चिड़िया को घर ले गया। आ) छोटे शेर ने नन्ही चिड़िया को मार दिया।
इ) छोटे शेर ने नन्ही चिड़िया को छोड़ दिया। ई) छोटे शेर ने नन्ही चिड़िया को खा लिया।

गतिविधि 2

सूचना : 'ज़रूरी खुराक़' एकांकी की यह उद्घोषणा पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

क) 'ज़रूरी खुराक़' किसकी रचना है?

ख) आपके स्कूल की सुरीली सभा में 'ज़रूरी खुराक़' एकांकी का मंचन होने वाला है। इसके लिए **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि 3

सूचना : 'कोशिश करनेवालों की' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम।

क) तुकवाला एक जोड़ा चुनकर लिखें।

जैसे -

स्वीकार करो - सुधार करो

ख) सफलता पाने के लिए किसको त्यागना है?

ग) कवितांश का **आशय** लिखें।

exam WiNNER®

गतिविधि 4

सूचना : 'राजा का दरवाज़ा' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> एक आदमी आया। उसके हाथ में राजा की तस्वीर थी। तस्वीर में राजा की शक्ल देख कर दरवाज़ा खुल गया।

क) आदमी के हाथ में क्या थी ?

ख) राजा और आदमी के बीच के **वार्तालाप** की पूर्ति करें।

तारिख : 10 जनवरी 20
समय : 6 में बचे
स्थान : स्कूल के मैदान में

राजा : लोगो, इस दरवाज़े को कोई खोल सकता है?
आदमी : महाराज, मैं कोशिश करूँ?
राजा : ....?
आदमी : ....।
राजा : ....?
आदमी : ....।

सहायक बिंदु :

- आपकी तस्वीर।
- अच्छा, कर लो। हाथ में क्या है?
- अभी दिखाता हूँ।
- इससे क्या करोगे?

गतिविधि 5

सूचनाः 'एक दौड़ ऐसी भी' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> लड़के की दशा देख एक बच्ची ने उसे अपने गले से लगा लिया, और उसे प्यार से चूम लिया, यह कहते हुए कि, 'अब ठीक हो जाएगा'।

क) 'अब ठीक हो जाएगा' यह किसने कहा?

अ) एक बच्चे ने   आ) एक बच्ची ने
इ) एक दोस्त ने   ई) एक भाई ने

ख) मान लें, लड़का उस दिन की डायरी लिखता है। बिंदुओं की सहायता से डायरी लिखें।

सहायक बिंदु :

- दौड़ में भाग लेना
- ठोकर खाकर गिरना
- सबका पास आ जाना
- बच्ची का गले लगाना

गतिविधि 6

सूचना : कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गाय ओ गाय, तू कहाँ गई थी?
अरे, यहीं थी पास में, घास की तलाश में।
चींटी ओ चींटी, तू कहाँ गई थी?
अरे, यहीं थी पास में, चीनी की तलाश में।
बिल्ली ओ बिल्ली, तू कहाँ गई थी?
अरे, यहीं थी पास में, चूहे की तलाश में।
बया ओ बया तू कहाँ गई थी?
अरे, यहीं थी पास में, दाने की तलाश में।

तलाश - അന്വേഷണം
बया - ചെറിയ പക്ഷി
दाना - ധാന്യം

क) यह **आशयवाली पंक्ति** चुनकर लिखें-

'चीनी की तलाश में चींटी गई थी।'

ख) सही मिलान करें।

दाने की तलाश में	गाय गई थी।
चूहे की तलाश में	चींटी गई थी।
चीनी की तलाश में	बिल्ली गई थी।
घास की तलाश में	बया गई थी।

exam WiNNER®